an>

Title: Need to provide salary to the employees of Hindustan Antibiotic Ltd. in Maval Constituency of Maharashtra.

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल): अध्यक्ष महोदया, मेरे संसदीय क्षेत्र पिम्परी चिंचवण में भारत सरकार की कैमिकल फर्टिलाइजर कम्पनी है। वह कम्पनी हिन्दुस्तान एंटिबॉयटिक्स कम्पनी के नाम से जानी जाती है। औषध निर्माण करने वाली यह कम्पनी देश में शुरू से चालू है। इस कम्पनी का ऐतिहासिक महत्व होते हुए भी इसके निर्माण का काम पूरी तरह बंद है। इस कम्पनी में तकरीबन 1100 कामगार हैं जिन्हें पिछले 18 महीनों से वेतन नहीं मिला है जबकि कैमिकल फर्टिलाइजर द्वारा इस कम्पनी का पुनर्निमाण प्रस्ताव वित्त मंत्रालय को भेजा गया है। वित्त मंत्रालय ने आज तक इस बारे में कोई कदम नहीं उठाया।

मैं आपके माध्यम से सरकार से विनती करता हूं कि कैमिकल फर्टिलाइजर द्वारा भेजे गए प्रस्ताव को वित्त मंत्रालय एवं कैबिनेट में मंजूरी दी जाए जिससे भारत सरकार की यह कम्पनी फिर से शुरू हो जाए। पिछले 18 महीनों से कम्पनी के कर्मचारियों को पगार नहीं मिलने से उनके परिवार वालों की हालत बहुत बुरी है। इससे उन्हें राहत मिलेगी। मैं सरकार से कम्पनी चालू कराने की मांग करता हूं। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष :

श्री अरविंद सावंत और

श्री गजानन कीर्तिकर को श्री श्रीरंग आप्पा बारणे द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।